प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

जनधन योजना

प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज 12 वर्ष पूरे हो गए है। देश में वितीय समामेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में यह योजना एक महत्व पूर्ण पड़ाव सिद्ध हुई है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में आज ही के दिन की थी। योजना के तहत देशभर में 59 करोड़ से अधिक जन धन खाते शुरू किए गए हैं। जिनमें 33 लाख के करीब महिला लाभार्थी शामिल हैं।

नेपाल–तिब्बत

नेपाल और तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 392 हो गई है। सीमा के दोनों तरफ़ एक हजार 468 व्यक्ति लापता हैं। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार अभी क्षेत्र में खतरा टला नहीं है और भोटे–कोशी नदी के स्रोत के पास एक नई झील बन गई है। इससे आपदा के और गंभीर होने के आसार बन गए है। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार नेपाल में मौजूद 290 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। लापता भारतीयों में अलग–अलग राज्यों की पनबिजली परियोजनाओं के कर्मचारी और पर्यटक समूह शामिल हैं।

पर्यटन

पर्यटन राज्य हिमाचल के लिए सैलानियों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। बीते साढ़े तीन वर्षों में साढ़े सात करोड़ से अधिक पर्यटक हिमाचल पहुंचे हैं। जिनमें दो लाख 65 हजार विदेश पर्यटक शामिल हैं। विधानसभा में कल यह आकड़े प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए हिमाचल पसंदीदा पर्यटन स्थल बन कर उभरा है। राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठा रही है।

रैंप परियोजना

केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को सुधारने और उसमें तेज़ी लाने के लिए शुरू की गई रैंप परियोजना के तहत प्रदेश में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसकी तहत सोलन जिला के कुनिहार में महिला उद्यमियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन ––विस्तृत ब्योरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी।

*केंद्र सरकार की रैंप परियोजना के तहत सोलन जिला के कुनिहार में महिला उद्यमियों के लिए जागरूकत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 80 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कार्यशाला में उद्यमियों को वित्तीय सहायता के स्रोतों, बैंकिंग सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, उद्यम स्थापना व विस्तार के अवसरों, नेटवर्किंग तथा उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को शुरू करने, विकसित करने व विस्तार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने व्यवसाय में आ रही दिक्कतों को साझा किया जिसका विशेषज्ञों ने मौके पर ही निदान व मार्गदर्शन किया। समाचार कक्ष से मैं स्वीटी लवली।*

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज देश सहित प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घ आयु व सुखद भविष्य की कामना करती है। शिमला के मिडिल बाजार स्थित शिव मंदिर के पुजारी वासुदेव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन का त्यौहार शुभ माना जा रहा है और आज बहनें पूरे दिन भाई को राखी बांध सकती है।

इधर प्रदेश में रक्षाबंधन के पर्व पर आज सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल विधानसभा में ये घोषणा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के पवित्र प्रेम, और भावनाओं से जुड़ा विशेष पर्व है ऐसे में महिलाओं के साथ–साथ पुरूषों को भी अवकाश देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा रक्षाबंधन के पर्व पर आज सूर्यउदय से सूर्यास्त तक महिलाओं के लिए एचआरटीसी की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी।

बीमा योजना

आकांक्षी जिला चम्बा के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाभकारी सिद्ध हो रही है। विभागीय आकड़ों के अनुसार वर्ष 2025–26 में रबी की फसल में जिला के सात हजार तीन सौ 46 किसानों को बीमा कवर उपलब्ध करवाया गया जबकि खरीफ की फसल में पांच हजार तीन सौ 76 किसान लाभान्वित हुए है।
–विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चम्बा जिला संवाददाता––

*प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ सीजन 2026 के तहत 31 अगस्त तक फसल के लिए बीमा कवर उपलब्ध रहेगा। किसानों को इसका लाभ देने के लिए कृषि विभाग प्रयासरत है। मक्का और धान की फसलों के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 1]200 रुपये के प्रीमियम पर 60 हजार रुपये तक का फसल बीमा कवरेज प्रदान किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए विभाग ने संबंधित बीमा कंपनी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों को किसानों को योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।*

हिमकेयर

कांगड़ा जिला के पालमपुर में कथित तौर पर पैसों के अभाव और इलाज न मिलने के कारण हुई एक मरीज की दुखद मृत्यु के बाद प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश सरकार पर हिमकेयर योजना को बंद करने का आरोप लगाया है। विपिन सिंह परमार ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि केवल डेढ़ लाख या पचास हजार रुपये जैसे मामूली बजट के अभाव में प्रदेश के बेबस लोग परेशान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर और सहारा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से आपातकाल के समय लोगों को समय पर कैशलेस इलाज उपलब्ध हुआ था। उन्होंने वर्तमान सरकार पर राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से इन योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है।

————————————